Regarding need to construct dams in Etah Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh to prevent annual floods in the region-Laid

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** मेरे संसदीय क्षेत्र एटा?कासगंज (उत्तर प्रदेश) में हर वर्ष आने वाली बाढ़ के विषय में रखा था । परंतु एक वर्ष बाद भी सिंचाई विभाग तथा जलशक्ति विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं और पूर्व की भांति इस वर्ष भी मेरे क्षेत्र में सैकड़ों गांवों को तबाही का सामना करना पड़ रहा है । मैं पुनः सरकार से मांग करता हूँ कि हन्सीनगला से राजेपुर कुरी एवं रामताल हिम्मतनगर से बझेरा तक पक्का बांध एवं लहरा से बदायूं का पुल बनवाया जाए जिससे सैकड़ों गांवों में हर वर्ष आ रही बाढ़ से लोगों को राहत मिल सके । मेरी मांग है कि हर वर्ष करोड़ों रुपये से कच्चे बांध बनाए जाते हैं । जो पैसा पूरा बर्बाद हो जाता है, इन सब की जगह पक्के बांध बनाकर किसानों को राहत दें ।